भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 129

(24 नवंबर, 2014 को उत्तर दिए जाने के लिए)

बिहार में पी.एम.जी.एस.वाई.

129.डा॰ अनिल कुमार साहनीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बिहार के ग्राम-डुमरी खुर्द, प्रखण्ड मेजरगंज जिला-सीतामढ़ी में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पी॰एम॰जी॰ एस॰वाई॰) की पहल करेगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त ग्राम में डबरा से लेकर चतरा तक व आगे के लिए पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰ के तहत पी॰पी॰सी॰ सड़क निर्माण करवाने हेतु जनप्रतिनिधि ने संसद सदस्य के माध्यम से आवेदन भिजवाया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री बीरेन्द्र सिंह)

(क) से (घ) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) का उद्देश्य सड़क संपर्कविहीन पात्र बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है। राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएमजीएसवाई के पैकेज संख्या बीआर-33 आर-07 के अंतर्गत 79.16 लाख रू. की लागत वाली डुमरीकला से बासबिट्टा तक की 3.6 किमी लंबी सड़क का निर्माण डुमरी खुर्दा गांव तक हो गया है। यह सड़क डाबरा बसावट से 200 मीटर और छतारा बसावट से 300 मीटर दूर है। चूंकि ये बसावटें उक्त बारहमासी सड़क से 500 मीटर से कम दूरी पर हैं इसलिए इस स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत इन सड़कों का प्रस्ताव नहीं किया जा सकता है।